**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# निदेशक (वित्त) ने भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के भक्तों के लिए इरेडा स्टॉल का उद्घाटन किया



पुरी, 7 जुलाई 2024

इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती ने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान गुंडिचा मंदिर के पास बड़ा डांडा में कंपनी के स्टॉल का उद्घाटन किया। जगन्नाथ यात्रा 2024 के दौरान यह स्टॉल एक सप्ताह तक संचालित रहेगा, जिसमें रथ उत्सव में भाग लेने वाले भक्तों को पानी वितरित करके भक्तों को सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा, "हमें इस शुभ त्योहार के दौरान भक्तों का समर्थन करने में खुशी हो रही है। हमारी भागीदारी समुदाय की सेवा करने और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए इरेडा के समर्पण को दर्शाती है।"

यह पहल इस महत्वपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक कल्याण और समर्थन के प्रति इरेडा की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।




